दिनांक–17.04.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Provision to SITC of VRF system along with audio & video system at Dakshta Bhawan auditorium in the campus of BIPARD Skill Park, Patna कार्य के तकनीकी बीड के निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही–

उपस्थिति

1. श्री कुमार रवि, – अध्यक्ष
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

2. श्री असीम कुमार, – सदस्य
अभियंता प्रमुख (विद्युत),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

3. श्री असीम कुमार, – सदस्य
मुख्य विद्युत अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

4. श्री विकाश कुमार पाण्डेय, – सदस्य
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, पटना ।

1. कार्य का नाम– Provision to SITC of VRF system along with audio & video system at Dakshta Bhawan auditorium in the campus of BIPARD Skill Park, Patna.
2. प्रशासनिक स्वीकृति की राशि – रु0 2,88,52,932/–
3. प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग – बिपार्ड, पटना का पत्रांक–4783, दिनांक–04.10.2025
4. तकनीकी स्वीकृति की राशि – रु0 2,88,52,932/–
5. परिमाण विपत्र की राशि – रु0 2,86,59,634/–
6. ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 97/2025–26 (विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना)
7. समाचार पत्र में प्रकाशन का प्रसंग – हिन्दुस्तान, दिनांक–24.12.2025
8. प्रकाशन का पी0आर0 संख्या – 020212(BCD)/2025–26
9. ई–निविदा आमंत्रण की तिथि – 22.12.2025
10. प्री–बीड बैठक की तिथि – 06.01.2026
11. ई–निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि–16.01.2026
12. द्वितीय बार आमंत्रित ई–निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं का नाम एवं पता–
(i) मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली ।
(ii) मेसर्स कूल केयर होम, पटना ।
(iii) श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना ।
13. दिनांक–01.04.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही–

विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना के पत्रांक–200, दिनांक–27.01.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के निविदा के तकनीकी बीड अभिलेखों को समर्पित किया गया है । समिति के सभी सदस्यों द्वारा तकनीकी बीड अभिलेखों के जाँचोपरांत पाया गया कि–

(i) प्रथम निविदादाता मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली है । इनके द्वारा अपलोड किए गए अभिलेखों के जाँचोपरांत पाया गया कि निविदा के अनिवार्य शर्त्त संख्या–10 (Non-debar/ Blacklist) के आलोक में Blacklist से संबंधित कागजात अपलोड नहीं किया गया है । साथ ही, एस0बी0डी0 की कंडिका–4.8 (Necessary Undertaking) के आलोक में Not abandoned any project एवं No relation संबंधी कागजात भी अपलोड नहीं किया गया है । अतः इन्हें तकनीकी बीड में ''नॉन–रिस्पौंसिव'' पाया गया ।

(ii) द्वितीय निविदादाता मेसर्स कूल केयर होम, पटना है । इनके द्वारा अपलोड किए गए अभिलेखों के जाँचोपरांत पाया गया कि निविदा की कंडिका–32 के अनुपालन में "I the undersigned do hereby certify that all the statements made in the required attachments are true and correct and if found fake/forged, the undersign will be liable to be inflicted upon the FIR and lawful punishment as well as blacklisting" से संबंधित शपथ पत्र अपलोड नहीं किया गया है । साथ ही, एस0बी0डी0 की कंडिका–4.2 (ii) के आलोक में Self declaration of investing 25% of BOQ amount से संबंधित अपलोड किया गया शपथ पत्र निविदा के पूर्व का है तथा उक्त शपथ पत्र में Notary का हस्ताक्षर भी नहीं है । अतः इन्हें तकनीकी बीड में ''नॉन–रिस्पौंसिव'' पाया गया ।

(iii) तृतीय निविदादाता श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना है । इनके द्वारा अपलोड किए गए अभिलेखों के जाँचोपरांत पाया गया कि निविदा के सभी शर्त्तों/नियमों एवं एस0बी0डी0 नियमों का अनुपालन किया जा रहा है । अतः इन्हें तकनीकी बीड में "रिस्पौंसिव" पाया गया ।

14. दिनांक–01.04.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक का निर्णय–

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से उक्त कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड में एकमात्र निविदादाता श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना को वित्त विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–7806, दिनांक–30.09.2016 के आलोक में सफल घोषित करने की अनुशंसा के साथ विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करने का निर्णय लिया गया ।

15. विभागीय निविदा समिति का निर्णय–

दिनांक–01.04.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के स्तर से सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित द्वितीय बार आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड में एकमात्र निविदादाता श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना को वित्त विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–7806, दिनांक–30.09.2016 के आलोक में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया । साथ ही, समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर रखी जाय एवं दिनांक–24.04.2026 के पूर्वाहन 11:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, पटना तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अन्तिम निर्णय हेतु अगली विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। निर्धारित अवधि में किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में मुख्य विद्युत अभियंता–1 वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगें ।

अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त हुई ।

| (विकाश कुमार पाण्डेय) | (असीम कुमार) | (असीम कुमार) | (कुमार रवि) |
|---|---|---|---|
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार, | मुख्य विद्युत अभियंता–1, | अभियंता प्रमुख (विद्युत), | सचिव, |
| भवन निर्माण विभाग, पटना। | भवन निर्माण विभाग, पटना। | भवन निर्माण विभाग, पटना। | भवन निर्माण विभाग, पटना। |

ज्ञापांक–प्र022/भ0वि0प्राक्ष0–454/25– 2457(वि0) दिनांक– 20/4/26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

(असीम कुमार)
मुख्य विद्युत अभियंता–1,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।